तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026



14 77 वां गणतंत्र दिवस हर्ष व उल्लास के साथ ...





14 सेवानिवृत्त बीएसएफ जवान को बाइक ने ...







## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### दोड़दे में 7 फरवरी से कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम दोड़दे में नवयुवक खेल समिति द्वारा कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता 7 से 8 फरवरी को होगी। आयोजकों ने बताया कि कबड्डी पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 15,555 एवं ट्रॉफी, द्वितीय 8,555 एवं ट्रॉफी, तृतीय 4,555 एवं ट्रॉफी तथा चतुर्थ 2,555 एवं ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। महिला कबड्डी वर्ग में प्रथम 6,555, द्वितीय 3,555, तृतीय 2,555 एवं चतुर्थ 1,555 के साथ ट्रॉफी दी जाएगी। पुरुष वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम 8,001 एवं ट्रॉफी तथा द्वितीय 4,001 एवं ट्रॉफी रखा गया है। कबड्डी प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर एवं बेस्ट ऑलराउंडर के लिए विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

### संबलपुर में कल माता पहुँचानी एवं मेला-मड़ई

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पंचायत संबलपुर में परंपरागत आस्था और उत्साह के साथ माता पहुँचानी कार्यक्रम का आयोजन 29 जनवरी गुरुवार को किया जाएगा। ग्रामवासियों की सहभागिता से संबलपुर मेला-मड़ई का आयोजन 4 एवं 5 फरवरी को किया जाएगा। मेला-मड़ई के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

### आत्मसमर्पण के बाद पहली बार पूरे सम्मान के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

# काले झंडे थामने वाले हाथों ने आज किया तिरंगे को नमन, आत्मसमर्पित नक्सलियों में आया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस बार कांकेर जिले से एक ऐसी तस्वीर सामने आई, जिसने न केवल प्रशासन बल्कि आम लोगों को भी भावुक कर दिया। कभी गणतंत्र दिवस के विरोध में काला झंडा फहराने वाले नक्सली, आत्मसमर्पण के बाद पहली बार पूरे सम्मान, विश्वास और गर्व के साथ गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल हुए। यह दृश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति, विश्वास और पुनर्वास की दिशा में एक ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक बनकर सामने आया।

भानुप्रतापपुर के मुल्ला कैंप से 55 आत्मसमर्पित नक्सली विशेष व्यवस्था के तहत कांकेर पहुंचे। जिला मुख्यालय स्थित नरहरदेव खेल मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में उन्होंने न केवल राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए देखा, बल्कि भव्य परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विभिन्न

**राष्ट्रगान के दौरान नम हुई आंखें पहली बार बिना डर के मनाया राष्ट्रीय पर्व**



गणतंत्र दिवस बना बदलाव का गवाह, दिखा सकारात्मक माहौल

शासकीय विभागों द्वारा प्रस्तुत झांकियों का भी नजदीक से अवलोकन किया। यह उनके जीवन का पहला ऐसा अनुभव था, जब उन्होंने गणतंत्र दिवस को बिना डर, विरोध या संदेह के पूरे मन से महसूस किया। समारोह स्थल पर मौजूद आत्मसमर्पित नक्सलियों के चेहरों पर उत्सुकता के साथ-साथ सच्ची खुशी साफ झलक रही थी। जैसे ही तिरंगा फहराया गया और राष्ट्रगान की धुन गूंजी, कई पूर्व नक्सलियों की आंखें नम हो गईं। उन्होंने बताया कि अब तक वे गणतंत्र दिवस को केवल शासन और पुलिस के प्रतीक के रूप में देखते थे, लेकिन आज पहली बार उन्हें यह एहसास हुआ कि यह पर्व देश के हर नागरिक का है।

परेड में शामिल जवानों की अनुशासनबद्ध चाल, सैन्य टुकड़ियों की झांकी, हथियारों की प्रस्तुति और देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया। प्रशासन का मानना है कि पुनर्वास और मुख्यधारा से जोड़ने की यह प्रक्रिया लंबे समय तक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगी। जब कभी हथियार उठाने वाले लोग आज तिरंगे को सलाम कर रहे हैं, तो यह बदलाव केवल उनकी जिंदगी में ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक उम्मीद की किरण है।

### असली ताकत हथियारों में नहीं बल्कि संविधान और तिरंगे में

समारोह के बाद प्रशासन की ओर से आत्मसमर्पित नक्सलियों को सिनेमा सिटी सेंटर मॉल ले जाया गया, जहां उन्हें देशभक्ति से भरपूर फिल्म बॉर्डर-2 दिखाई गई। यह पहल केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसके पीछे उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और आधुनिक जीवन से परिचित कराने का उद्देश्य था। थिएटर में फिल्म देखते समय आत्मसमर्पित नक्सली बेहद उत्साहित नजर आए। फिल्म में दिखाए गए देश के लिए बलिदान देने वाले जवानों के दृश्यों ने उनके भीतर गहरी संवेदनाएं जगा दीं। फिल्म समाप्त होने के बाद कई पूर्व नक्सली भावुक नजर आए। एक आत्मसमर्पित नक्सली ने कहा हमने अपने जीवन का लगभग एक चौथाई हिस्सा गलत रास्ते पर बिताया। आज समझ आया कि असली ताकत हथियारों में नहीं, बल्कि संविधान और तिरंगे में है। उन्होंने स्वीकार किया कि वर्षों तक वे जिस विचारधारा के साथ जुड़े रहे, उसने उन्हें समाज और देश से दूर कर दिया था। आज पहली बार उन्हें यह एहसास हुआ कि देश की असली शक्ति लोकतंत्र, संविधान और एकता में निहित है।

### सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन केवल औपचारिकता नहीं हैं, बल्कि आत्मसमर्पित नक्सलियों के मन में देश के प्रति विश्वास और जिम्मेदारी की भावना पैदा करने का माध्यम हैं। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर उन्हें सम्मानपूर्वक शामिल करना, उन्हें यह संदेश देता है कि समाज उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार है। बॉर्डर-2 जैसी फिल्म दिखाने का उद्देश्य भी यही था कि उनके भीतर देशभक्ति का जज्बा जागे और वे सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा से आधा दर्जन गांवों को मिला विकास का नया रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

बासनवाही से नरहरपुर होते हुए धमतरी के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का विधिवत शुभारंभ किया गया है। इस बस सेवा के शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की समस्या को दूर करने की दिशा में शासन ने एक बड़ा कदम उठाया है।

बसानवाही क्षेत्र के लोग लंबे समय से इस मार्ग पर एक नियमित और सुलभ परिवहन सुविधा की मांग की जा रही थी। अब इस सेवा के प्रारंभ होने से बासनवाही सहित आसपास के दर्जन भर गांवों मावलीपारा, बांगाबारी, मांडाभर्री, कोटलभट्ठी, साईमुंडा, छापरपारा, मुसुरपुट्टा और बिहावापारा के ग्रामीणों का जिला मुख्यालय और प्रमुख नगरों से सीधा संपर्क जुड़ गया है। विद्यार्थियों और किसानों को मिलेगी बड़ी राहत इस बस सेवा का सबसे अधिक लाभ स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों, अपनी उपज मंडी तक ले जाने वाले किसानों



### विकास की मुख्यधारा से जुड़ेंगे गांव

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इस पहल को क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि सुगम परिवहन की कमी के कारण वे पिछड़ रहे थे, लेकिन अब शासन-प्रशासन की इस पहल से ग्रामीण अंचल मुख्यधारा से मजबूती से जुड़ सकेंगे। ग्रामीणों ने इस सुविधा के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

और छोटे व्यापारियों को होगा। अब तक ग्रामीणों को नरहरपुर या धमतरी जाने के लिए निजी साधनों पर निर्भर रहना पड़ता था या फिर भारी किराया चुकाकर निजी वाहन करने पड़ते ▶▶| शेष पेज 12 पर

# 630 ग्राम गांजा के साथ युवक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बांदे क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 630 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर की गई इस रेड कार्रवाई में बिना नंबर की मोटरसाइकिल से गांजा परिवहन करते हुए आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

- एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई

थाना बांदे में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक देवनारायण बंजारे ने बताया कि 26 जनवरी को मुखबीर से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से महाराष्ट्र के घोडसूर की ओर से गांजा लेकर पखांजुर की ओर बिक्री के लिए जा रहा है। जानकारी के आधार पर उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने वासुदेव विश्वास पीव्ही 86 नेताजीनगर के घर के सामने, बांदे से महाराष्ट्र जाने वाली मुख्य सड़क पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन का इंतजार किया। कुछ समय बाद मुखबीर के बताए हुलिए के अनुसार मोटर साइकल सवार को रोककर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना नाम पीव्ही 39 निवासी 30 वर्षीय सुमन मजूमदार पिता संतोष मजूमदार होना बताया। मोटर सायकल के डिक्की में एक होजरी थैले के अंदर सफेद पॉलीथीन में गांजा जैसा वनस्पतिक पदार्थ बरामद हुआ। मौके पर गवाहों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार कर इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल किया गया, जिसमें थैले सहित वजन 670 ग्राम तथा बिना थैले के शुद्ध गांजा 630 ग्राम ▶▶| शेष पेज 12 पर






# फर्राटेदार आवाज पर चला कानून का बुलडोजर, यातायात पुलिस ने बरती सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**100 मॉडिफाइड साइलेंसर किए गए जब्त**

जिले में सड़कों पर शोर मचाने वाले फर्राटेदार मॉडिफाइड साइलेंसरों के खिलाफ यातायात पुलिस ने ऐसा प्रहार किया कि संदेश दूर तक गया। नियमों की अनदेखी कर तेज आवाज फैलाने वालों पर नकेल कसते हुए यातायात पुलिस ने न सिर्फ साइलेंसर जब्त किए, बल्कि उन्हें बुलडोजर से कुचलकर सार्वजनिक रूप से नष्ट भी कर दिया। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशानुसार, एएसपी आकाश श्रीश्रीमाल के मार्गदर्शन एवं डीएसपी डॉ. मेखलेन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में 27 जनवरी को यातायात पुलिस द्वारा जिले में चलाए जा रहे यातायात नियम पालन एवं ध्वनि नियंत्रण अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान मोटरसाइकिलों में लगाए गए अवैध एवं तेज आवाज वाले लगभग 100 मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए गए और जब्त सभी साइलेंसरों को सिविल लाइन मार्ग पर बुलडोजर चलाकर सार्वजनिक रूप से नष्ट किया



गया। यह कार्रवाई आमजन की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से की गई। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून के विपरीत कार्य करने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। वाहन मालिकों और चालकों को सख्त चेतावनी दी गई है कि भविष्य में यदि उनके वाहनों में दोबारा मॉडिफाइड साइलेंसर पाए गए, तो उनके खिलाफ और भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जब्त किए गए मॉडिफाइड साइलेंसर अधिकतक बुलेट से किए गए है और उनके चालकों पर दुबारा उपयोग करने पर कड़ी से कड़ी किए जाने की समझाइश दी गई।

### मॉडिफाइड साइलेंसर गैरकानूनी

यातायात प्रभारी दीपक साव ने नागरिकों से अपील की है कि तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर न केवल गैरकानूनी हैं, बल्कि स्वास्थ्य और शांति के लिए भी हानिकारक हैं। सभी वाहन चालक मोटरयान अधिनियम का पालन करें, यातायात नियमों का सम्मान करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप




### अजय और रोशनी का राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर के लिए चयन

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के लिए गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के दो स्वयंसेवकों का चयन राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के लिए हुआ है। यह राज्य स्तरीय शिविर 22 से 28 जनवरी तक बलौदा बाजार जिले में चल रहा है। इस शिविर में महाविद्यालय के स्वयंसेवक अजय उसेंडी और स्वयंसेविका रोशनी मंडावी सहभागिता कर रहे हैं। दोनों स्वयंसेवकों का चयन उनके अनुशासन, सक्रिय सहभागिता और राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति समर्पण को देखते हुए किया गया है। इस उपलब्धि ने महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने चयनित स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी चेतन कुमार श्रीवास एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार यादव ने भी अजय उसेंडी और रोशनी मंडावी को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए सम्मान की बात है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी और एनएसएस इकाई के सदस्यगणों ने भी दोनों स्वयंसेवकों को शुभकामनाएँ देते हुए राज्य स्तरीय शिविर में उनके सफल प्रतिनिधित्व की कामना की।

### जिले में अब तक 04 लाख 72 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी

**कांकेर।** प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के सभी 149 उपार्जन केंद्रों तथा 70 सहकारी समितियों में किसानों से धान खरीदा जा रहा है। खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक कुल 04 लाख 72 हजार 348 मेट्रिक टन धान किसानों से खरीदा जा चुका है। इसमें 04 लाख 70 हजार 099 मेट्रिक टन मोटा धान तथा 02 हजार 114 मेट्रिक टन पतला और 135 मेट्रिक टन सरना वैरायटी का धान शामिल है।

### सामान्य सभा की बैठक 4 फरवरी को

**कांकेर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 04 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी की अध्यक्षता में आहूत की गई है। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को एजेण्डावार अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है।

### खाद्य सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में शिविर सह कार्यशाला



**कांकेर।** खाद्य विभाग द्वारा जिले के खाद्य व्यापारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला सह लाइसेंस, पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यशाला में खाद्य व्यवसाय के लिए अनिवार्य अनुपालन के संबंध में खाद्य व्यापारियों को जानकारी प्रदाय की गई। इस दौरान उनके खाद्य लाइसेंस, पंजीयन में मोडिफिकेशन रिन्यूअल नए आवेदन के लिए हेल्प डेस्क के माध्यम से तुरंत निराकरण किया गया, उन्हें खाद्य व्यवसाय के लिए विभिन्न अनिवार्य नियमों के पालन के संबंध में जानकारी भी प्रदाय की गई। इस दौरान खाद्य व्यापारियों को जानकारी दी गई कि खाद्य व्यापार बिना खाद्य लाइसेंस पंजीयन के ना किया जाए तथा अपने गोदाम व ट्रांसपोर्टिंग वाहनों का भी अनिवार्य खाद्य लाइसेंस या पंजीयन प्राप्त करें न्यूज़ पेपर का उपयोग खाद्य पदार्थों की पैकिंग में न किया जाए। सभी होलसेलर डिस्ट्रीब्यूटर किसी रिटेलर या अन्य खाद्य विक्रेता को जो कि खाद्य लाइसेंसधारी न हो उन्हें खाद्य लाइसेंस बनाने हेतु प्रेरित करने आदि जानकारी दी।

# दुर्गूकोंदल में 77 वें गणतंत्र दिवस पर शान से लहराया राष्ट्रीय ध्वज, विकासखंड में छाया देशभक्ति का रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान प्रकट किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत विभिन्न सरकारी कार्यालयों एवं संस्थानों में भी हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनपद पंचायत कार्यालय के साथ-साथ तहसील कार्यालय, कृषि विभाग, खंड शिक्षा कार्यालय, बीआरसी कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, महिला एवं बाल विकास विभाग, कन्या हाईस्कूल दुर्गूकोंदल, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेजेश, व्यापारी संघ, टैक्स यूनियन, आदिम जाति सहकारी समिति दुर्गूकोंदल, बालक प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय, वन परिक्षेत्र कार्यालय सहित अन्य स्थानों पर भी ध्वजारोहण किया गया। इसके अतिरिक्त भारतीय स्टेट बैंक दुर्गूकोंदल, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी बैंक, सरस्वती शिशु मंदिर, एलएचबी स्कूल सहित निजी संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आनंद तेता, जनपद सदस्य सविता उईके, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, करोपण अधिकारी आरके किशोरे सहित जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।







## कंगलू कुम्हार महाविद्यालय में मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस

**दुर्गुकोंदल।** कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल में ध्वजारोहण कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डीएल बढ़ाई ने तिरंगा फहराया।

ध्वजारोहण के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष, प्राध्यापकगण, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया। राष्ट्रगान के दौरान पूरा परिसर देशप्रेम और गर्व की भावना से ओतप्रोत दिखाई दिया। इस अवसर पर प्राचार्य ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवाओं को संविधान की भावना को समझते हुए देश की एकता, अखंडता और विकास में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विजय पटेल ने भी अपने संबोधन में गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार दिया है। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण जीआर मंडावी, केएल मंडावी, डीएस कांगे, याकूप टोप्पो सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हल्बापारा मिचेसुखई में गणतंत्र दिवस पर विविध कार्यक्रम हुए आयोजित

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम हल्बापारा मिचेसुखई स्थित शासकीय प्राइमरी व मिडिल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस व वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दिन अलसुबह स्कूली बच्चों, शिक्षकों और ग्रामवासियों ने गाँव में प्रभातफेरी निकाली, आंगनबाड़ी केन्द्र व स्कूल प्रांगण में ध्वज फहराया। इस दौरान लोगों में काफी उत्साह दिखा। लोकतंत्र की मजबूती का आधार भारतीय संविधान की महत्ता पर विभिन्न वक्ताओं ने प्रकाश डाला। यहाँ के सभी स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति दी, जिसे देखने के लिए आस-पास के लोग बड़ी संख्या में पहुँचे हुए थे। बच्चों ने देशभक्ति गीत, पारंपरिक नृत्य, पंथी नृत्य जैसे विभिन्न विधाओं में नृत्य कर मह मोह लिया। उत्सव को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजू विकास नायक ने कहा कि आजादी के पूर्व हम गुलामी की जिन्दगी जी रहे थे और जब हमारे देश के कई वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने आजादी के लिए लड़ाई लड़ी, उनके त्याग व बलिदान के फलस्वरूप सन 1947 में हमारा देश विदेशी गुलामी से आजाद हुआ, फिर भी हमें पूरी तरह से आजादी नहीं मिली थी। कार्यक्रम में सरपंच सुखई नंदकुमार खरे, जनपद सदस्य हेमलता उयके, उपसरपंच मुकेश गावड़े, तेजप्रताप आमले, राहुल जाम्बुरकर, बज्जूराम दुग्गा, अन्नूराम धनेलिया, जगतराम गोयल, जोहन्तीन मरकाम, हीरालाल खरे, कमलाबाई गोयल, एशियन खरे व अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर शाला के शिवलाल बघेल, टेकेश्वर साहू, विजेंद्र साहू, रामकुमार कोमरे, संपतराम गोयल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## आमागढ़ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**दुर्गुकोंदल।** ग्राम आमागढ़ के शैक्षणिक परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस का उत्सव अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पटेल राम प्रसाद दुग्गा ने ध्वजारोहण किया। ग्राम पंचायत के सरपंच शिवलाल ध्रुव की उपस्थिति में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्हे बच्चों से लेकर युवा कलाकारों तक ने मंच पर इतना शानदार और मनमोहक प्रदर्शन किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कलाकारों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नकदी पुरस्कारों की झड़ी लग गई। मुख्या अतिथि शिवलाल ध्रुव ने इस अवसर पर विद्यालय परिसर में चबूतरा निर्माण की घोषणा की और सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दिए। कार्यक्रम को छबि कोरेटी, दिनेश मेरिया, व समस्त शिक्षकगण ने संबोधित किया। विगत वर्ष विद्यालय के बोर्ड परीक्षा में टॉपर रहे अविनाश,पूनम व सोमसिंह को पुरस्कृत किया गया। वर्ष का बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड हाईस्कूल स्तर में धनेश्वरी उइके, पूर्व माध्यमिक स्तर में मौजूमदर जैन व प्राथमिक स्तर पर युक्ति विश्वकर्मा को प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम न केवल गणतंत्र दिवस का उत्सव था, बल्कि ग्राम आमागढ़ की सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का जीवंत प्रमाण भी साबित हुआ। इस अवसर पर रघुनाथ साहू, उदे राम भुआर्य, सबल दीवान, बृजेश साहू, विनोद साहू, रामनाथ गोटा, सुरेंद्र उइके, शिवलाल निषाद, सामु राम मेरिया, संजय नरेटी, रुद्रप्रताप दुग्गा व ग्राम की माताएं, बहने उपस्थित रहे।

## जिला सहकारी संघ कार्यालय में अध्यक्ष फहराया ध्वज



**कांकेर।** जिला सहकारी संघ मर्यादित स्थित कार्यालय में जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष सियो पोटाई के द्वारा ध्वारोहण किया गया। ध्जारोहण के पूर्व जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष सियो पोटाई एवं संचालक सदस्यों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और इंदिरा गांधी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। ध्जारोहण के पश्चात अपने संदेश में अध्यक्ष सियो पोटाई ने उपस्थित नागरिकों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होनें सहकारिता के महत्व को बताते हुए कहा कि आधुनिक समय में भारत के लोगों को सहकारिता से जोड़ने की आवश्यकता है। यह ऐसा आन्दोलन है, जिसके माध्यम से लोगों को जोड़कर आर्थिक रूप से सक्षम एवं मजबूत बनाया जा सकता है। इस अवसर पर जिला सहकारी संघ के संस्था के प्रबंधक किरण कावड़े, संचालक सदस्य जागेश्वर देवांगन, बिरमा मंडावी, जितेन्द्र नेताम, शिवभान सिंह ठाकुर, दूधराज साहू, मांगीलाल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## साल्हेभाट में 77 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

**सरोना।** नरहरपुर ब्लॉक के पूर्व माशा व प्राशा साल्हेभाट में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का शुभारंभ स्कूली छात्र छात्राओं, शाला स्टॉप व ग्राम वासियों की उपस्थिति में ग्राम की सभी गलियों में देश भक्ति गीतों के साथ प्रभात फेरी निकल गया। तत्पश्चात सभी शासकीय भवनों, पंचायत कार्यालय व स्कूल संस्था में ग्राम पटेल राधेश्याम भास्कर के कर कमलों से तिरंगा झंडा फहराया गया। 77वें



गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक गतिविधि देश भक्ति, गीत, कविता, भूषण व प्रेरणा प्रद नित्य प्रस्तुती ने पूरे ग्राम वासियों के मनमोह लिया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच उर्मिला कुंजाम, शिक्षा समिति के पदेन सभापति व उपसरपंच जगदेव मंडावी ने सभी देश व ग्राम वासियों को एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर आपसी भाईचारा के साथ चलने व अपने देश के आजादी के प्रति अपने प्राणों की आहुति देने वाले उन अमर शहीदों का महापुरुषों को याद व नमन करते हुए संवैधानिक व्यवस्थाओं से चलते हुए बच्चों की शाला में नियमित उपस्थिति पढ़ाई के साथ-साथ अनेक गतिविधि से अवगत कराया।

# शिक्षक पात्रता में जिले के 51 परीक्षा केन्द्रों में 12035 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 01 फरवरी को शिक्षक पात्रता परीक्षा सीजीटीईटी का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। शिक्षक पात्रता परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी, जिसमें प्रथम पाली पूर्वान्ह 9.30 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, इसमें लगभग 4674 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार द्वितीय पाली दोपहर 03 बजे से सायं 5.45 तक आयोजित होगी, जिसमें लगभग 7361 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस प्रकार जिले के कुल 12035 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महोदव क्षीरसागर द्वारा परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में बताया गया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा प्रथम पाली के लिए जिले में 19 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही अलबेलापारा कांकेर, शासकीय शहीद गैंदसिंह कॉलेज चारामा, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मिडियम मॉडल कॉलेज कांकेर, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम चारामा, शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर, हायर सेकेण्डरी स्कूल लट्टीपारा, शासकीय पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्दपुर कांकेर, डाइट कांकेर, शासकीय महिला आईटीआई कांकेर में परीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है। इसी प्रकार शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट, कन्या शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बरदेभाटा, शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल मांझापारा, हाई स्कूल शीतलापारा कांकेर, सेंट माइकल हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर, जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल, पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल ईमलीपारा तथा सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल गढ़पिछवाड़ी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसी तरह द्वितीय पाली के लिए जिले में 32 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही अलबेलापारा कांकेर, शासकीय शहीद गैंदसिंह कॉलेज चारामा, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम मॉडल कॉलेज कांकेर, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम चारामा, शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर, कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल लट्टीपारा, शासकीय पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविंदपुर कांकेर, डाइट कांकेर, शासकीय महिला आईटीआई कांकेर, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट, कन्या शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बरदेभाटा, शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल मांझापारा, हाई स्कूल शीतलापारा कांकेर, सेंट माईकल हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर, जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल शामिल है। इसके अलावा पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल ईमलीपारा, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल गढ़पिछवाड़ी, शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल चारामा, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल डुमाली आदि परीक्षा केन्द्र शामिल है।

# जेपी इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह बना गरिमा, अनुशासन और राष्ट्रीय प्रेम का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



जेपी इंटरनेशनल स्कूल में 77 वें गणतंत्र दिवस का आयोजन अत्यंत भव्य, सुव्यवस्थित और प्रेरणास्पद वातावरण में संपन्न हुआ। यह समारोह केवल एक राष्ट्रीय पर्व का औपचारिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि भारतीय संविधान के आदर्शों, राष्ट्रभक्ति की भावना और विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन तथा नागरिक चेतना के विकास का प्रभावशाली मंच बनकर उभरा। विद्यालय परिसर तिरंगे की आभा से आलोकित रहा और हर ओर देशप्रेम, उत्साह तथा अनुशासन की अनुपम झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-सभा के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अनुशासन और मर्यादा का उत्कृष्ट परिचय दिया। इसके पश्चात कार्यक्रम मे प्रबंधन समिति के सदस्य जगदीश जसनानी का पारंपरिक रीति- रिवाजों के साथ आत्मीय और सम्मानपूर्ण स्वागत किया गया। प्रबंधन समिति के सदस्य जगदीश जसनानी एवं प्राचार्य रितेश कुमार चौबे द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान की सामूहिक गूंज से संपूर्ण विद्यालय परिसर एकता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना से भर उठा। यह क्षण उपस्थित सभी जनों के लिए गर्व, सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक बना। कार्यक्रम को सांस्कृतिक ऊँचाइयों तक पहुँचाने में विद्यालय के संगीत विभाग की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। स्वागत गीत एवं देशभक्ति गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया। गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों ने मातृभूमि के प्रति अपने समर्पण, सम्मान और गौरव की भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया, जिसे उपस्थितजनों ने करतल ध्वनि से सराहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य की प्रस्तुति रही। इस सशक्त प्रस्तुति के माध्यम से भारतीय सेना के शौर्य, साहस, अनुशासन और बलिदान को मंच पर सजीव कर दिया गया। दर्शक भावविभोर हो उठे और तालियों की गूंज के साथ वीर जवानों के प्रति अपना सम्मान और कृतज्ञता प्रकट की। यह प्रस्तुति विद्यार्थियों के मन में देशसेवा और राष्ट्ररक्षा के प्रति प्रेरणा का सशक्त स्रोत बनी। विद्यालय में शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हाउस ऑफ द ईयर की घोषणा की गई। इस वर्ष यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हरक्यूलिस हाउस को प्रदान किया गया। हरक्यूलिस हाउस के विद्यार्थियों ने अपने सामूहिक प्रयासों का परिणाम पाकर गर्व और आत्मविश्वास का अनुभव किया। इस पहल ने विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, टीम भावना और निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन की प्रेरणा को और अधिक सुदृढ़ किया। प्रबंधन समिति के सदस्य जगदीश जसनानी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी स्मृति कराता है।

## पेज 11 के शेष...

### मुख्यमंत्री ग्रामीण बस...

थे। सुरक्षित और किफायती सरकारी बस सेवा शुरू होने से मरीजों को भी अस्पताल पहुंचने में आसानी होगी।

### 630 ग्राम गांजा...

पाया गया। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत लगभग 35 हजार रुपएं आंकी गई है। आरोपी के पास गांजा रखने या परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 20 (क) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया।

# विधायक व एसपी ने मैदान में खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**सरोना।** सरोना तहसील के हाई स्कूल मैदान में येलो स्टार क्लब के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता इन दिनों खेल प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कार्यक्रम और भी खास हो गया, जब खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए विधायक आशाराम नेताम एवं पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा आयोजन स्थल पर पहुंचे। अतिथियों के आगमन पर येलो स्टार क्लब के सदस्यों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों ने मैदान में मौजूद खिलाड़ियों से मुलाकात किया, उनके प्रदर्शन की सराहना की और प्रतियोगिता में बेहतर खेल दिखाने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया। विधायक आशाराम नेताम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का मजबूत माध्यम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण



अंचल में इस तरह की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन सराहनीय है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि खेल से अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष करने की क्षमता विकसित होती है। विधायक ने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




समस्त क्षेत्रवासियों को

# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

- जननी सुरक्षा योजना अस्पताल में प्रसव करवाएं जच्चा-बच्चा सुरक्षित रहे।
- परिवार नियोजन, छोटा परिवार सुखी परिवार।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ लेवें।
- छः जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण करावें।
- मलेरिया से बचें अपने आसपास पानी जमा होने न दे।
- मच्छरदानी का उपयोग करें।
- बासी भोजन न करें पानी उबालकर पीएं।
- जननी शिशु सुरक्षा योजना का लाभ उठाएं।

**महतारी एक्सप्रेस 102**

**संजीवनी एक्सप्रेस 108**




सौजन्य

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुर्गूकोंदल, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)





मा. विष्णुदेव साय जी मा. केदार कश्यप जी मा. भोजराज नाग जी

समस्त क्षेत्रवासियों को

# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा।
हम बुलबुले है इसकी ये गुलसिता हमारा-हमारा।।



- वृक्ष लगायें पर्यावरण बचाएं।
- वृक्ष लगायें हरियाली लाएं।
- वृक्ष लगायें खुशहाली लाएं।
- वृक्ष लगायें भविष्य बचाएं।

26th January Republic Day

समस्त प्राथमिक लघु, वनोपज सहकारी समिति मर्यादित वनपरिक्षेत्र दुर्गूकोंदल, पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, मेड़ो, कोदापाखा, सुरूगदोह, साधुमिचगांव, कोड़ेकुर्से, कराकी, करकापाल, गोड़पाल, कोंडे, चिखली, हामतवाही, दमकसा, पेंडावारी, हाटकोंदल, लोहत्तर, गुमरीडीही

## सौजन्य : वन परिक्षेत्र अधिकारी, दुर्गूकोंदल, जिला-उ.ब. कांकेर

## खबर संक्षेप

### संस्कारित मां, पत्नि और लमसेना सम्मानित



**कांकेर।** कांकेर के ग्राम नाथियानावंगांव में सेवानिवृत्त शिक्षक प्रभुराम शांडिल्य अपने जन्मदिन पर ग्राम के संस्कारित मां, पत्नि और लमसेना को सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में संस्कारित मां पवन बाई साहू, संस्कारित पत्नि रामेश्वरी साहू एवं संस्कारित लमसेना गौतक वट्टी को साड़ी एवं शाल देकर सम्मानित किया और साथ में संस्कारित पत्नि के पति तुलसी राम साहू को भी शाल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच सुमित्रा शोरी, उप सरपंच, पंचगण गणमान्य नागरिक छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शराब कोचियों के कब्जे से अवैध शराब बरामद

**कांकेर।** कोरर और चारामा थाना पुलिस ने 25 जनवरी को छापामार कार्यवाई करते हुए दो शराब कोचिए को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। कोरर थाना पुलिस ने आरोपी धनेलीकन्हार निवासी 30 वर्षीय दीपिका पोटाई पति रामकरण के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। चारामा थाना पुलिस ने जैसाकर्रा निवासी बनवास सिंहा पति स्व. मनोहर को अवैध रूप से शराब बेचते हुए पकड़ा। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1)(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जहर खाने से हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत करमोती निवासी 18 वर्षीय कार्तिक बारले पिता पंचम ने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का 22 अगस्त को जहर खाने से मौत हो गई। किशोर द्वारा जहर खाने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में 25 जनवरी को इलाज के दौरान राजस्थान के बालेश्वर निवासी 34 वर्षीय सोहन सिंह इंद्र पिता असल इंद्र का मौत हो गया। अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पेड़ से गिरकर हुआ घायल, हो गई मौत

**कांकेर।** सिकसोड़ निवासी जेठेगांव निवासी 24 वर्षीय नरसिंह नुरेअी पिता स्व. आयतू राम की पेड़ से गिरने के कारण मौत हो गई। जेठेगांव निवासी 35 वर्षीय लखोबाई ने पुलिस को बताया कि युवक 24 जनवरी को छिंद पेड़ में चढ़ा हुआ था। अचानक पेड़ से गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## राष्ट्रीय पर्वः स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

# 77 वां गणतंत्र दिवस हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- शहीदों के परिजन का किया गया सम्मान
- विभागीय योजनाओं पर आधारित निकाली गई झांकियां

जिले में राष्ट्रीय पर्व 77 वां गणतंत्र दिवस हर्ष, उल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। समारोह में शहीद जवानों के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इसके उपरांत विभिन्न स्कूलों के लगभग 01 हजार विद्यार्थियों ने एक साथ सामूहिक व्यायाम किया, इसके बाद उनके द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर नरहरदेव शासकीय उमावि के खेल परिसर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि सांसद ने प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण किया, इस मौके पर जिले के कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा भी उनके साथ थे। परेड निरीक्षण पश्चात उन्हांने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। हर्ष फायर पश्चात पुलिस, होमगार्ड, बस्तर फाईटर्स, वन रक्षक, एनसीसी एवं स्काउट गाइड के कैडेटों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया गया। मार्च पास्ट के प्लांटून कमांडरों से परिचय प्राप्त करने के बाद मुख्य अतिथि ने समारोह में शहीद जवानों के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इसके उपरांत विभिन्न स्कूलों के लगभग 01 हजार विद्यार्थियों ने एक साथ सामूहिक व्यायाम किया, इसके बाद उनके द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम, छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी, एसडीएम अरूण कुमार वर्मा, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले सहित जनप्रतिनिधिगण, जिला स्तर के अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक, पालक, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





### हार्स राइडिंग का रोमांचक प्रदर्शन

स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात घुड़सवारी प्रशिक्षण केन्द्र सिंगारभाट के युवाओं द्वारा हॉर्स राईडिंग का हैरतअंगेज एवं रोमांचक करतब दिखाया गया। जिसमें स्टैंडिंग सैल्युट, स्टैण्ड लॉस टैगपेडिंग, मटकी कटींग, ट्रीपल टैड पैकिंग, फुटरोल टैड पैकिंग, बकेट पैकिंग, ग्रुप टैड पैकिंग, इंडियन फाईल, जंपिंग और इंडियन झण्डा इत्यादि का प्रदर्शन किया गया।



### मार्च पास्ट में पुलिस बल रहा प्रथम

मार्च पास्ट के गैर शालेय वर्ग में जिला पुलिस बल महिला को प्रथम, जिला पुलिस बल पुरूष द्वितीय एवं नगर सेना बल पुरूष एवं महिला बल को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शालेय वर्ग में एनसीसी सेंट माइकल एवं पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा गोविन्दपुर को प्रथम, एनसीसी पीएमश्री नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर को द्वितीय और शहीद रामकुमार कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर को तृतीय पुरस्कार सम्मानित किया गया।

### कन्या आवासीय विद्यालय रहा प्रथम

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नेताजी सुभाषचंद्र कन्या आवासीय विद्यालय गोविन्दपुर को प्रथम, शहीद रामकुमार कन्या उमावि को द्वितीय तथा जेपी इंटरनेशनल एवं सेंट माइकल स्कूल गोविन्दपुर को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार विभागीय झांकियों में जिला पंचायत को प्रथम, महिला एवं बाल विकास, आदिम जाति कल्याण और पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार तथा स्कूल शिक्षा विभाग को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



### जिला कार्यालय में कलेक्टर नीलेश ने फहराया राष्ट्रध्वज

**कांकेर।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला कार्यालय परिसर कांकेर में सुबह 08 बजे राष्ट्रध्वज फहराया। राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन के बाद उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी के साथ उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए सौंपे गये दायित्वों को पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला कार्यालय में ध्वजारोहण के पहले कलेक्टर निवास में भी ध्वज फहराकर राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत वंदेमातरम का गायन हुआ। इस मौके पर राज्य प्रशासनिक सेवा के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण एवं नाट्य किया प्रस्तुत



**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकण्डरी स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार फब्यानी द्वारा फहराया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में विजय लखवानी एवं तमन्ना लखवानी के अलावा प्राचार्य रश्मि रजक की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों का गायन, भाषण एवं मनमोहक नृत्य तथा नाट्य प्रस्तुत किए।

पांचवी के छात्राओं द्वारा एरोबिक डांस प्रस्तुत किया गया, जिसमें अनुष्का कवाची, देवयांशी नेताम, लिशिता शाडिल्य, मोनाली कोर्राम, नैना वासनिकर, एलिजा बेलचंदन, रोली मटियारा ने भाग लिया। चौथी से लेजिम डांस रिधि भाडेकर, केनिशा नेताम, , परिणीति निषाद, अशीर बानो, शर्मिष्ठा जूरी, छटवी एवं सातवी के छात्राएं तेजसी जैन, रीया मण्डावी, सौम्या खपर्डे, गीतांजली पटेल ने देशभक्ति गीत मेरी भारत की बेटी पर डांस प्रस्तुत किए। संगीत शिक्षक मृणाल पाण्डे के मार्गदर्शन में देशभक्ति गीत, मही मोर्य, सतवीक सिंह आदि छात्रों के द्वारा सुमधुर गायन किया गया। गणतंत्र दिवस के इस कार्यकम पर हायर सेकेण्डरी कक्षा से रेणुका नेताम द्वारा कविता प्रस्तुत की, कक्षा दसवी से करिश्मा नागवानी एवं मयसा ने भाषण और ग्याहरवीं कक्षा के दक्ष रजक एवं जयना बानों द्वारा संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी पुछे गए। कक्षा चौथी एवं पांचवी के छात्राओं द्वारा संविधान निर्माता एवं महापुरुषों के रोल प्ले किये जिसमें दृष्टि मरकाम, मानसी पटेल, अनुष्का शर्मा, अलफाज खान, जनारदन कुम्भकार, चेतन्य पटेल, हिमांशी देवांगन, वेन्या पटेल ने भाग लिया। देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सपन्न कराने में कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों का योगदान रहा।



### पंडरीपानी में गणतंत्र दिवस पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों का हुआ सम्मान

**सरोना।** ग्राम पंडरीपानी में 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कर्मचारी संघ के तत्वाधान में शाला प्रांगण में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके दीर्घकालीन सेवा, समर्पण एवं योगदान के लिए साल एवं शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके पश्चात कर्मचारी संघ द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सम्मान समारोह में ग्राम सरपंच संदीप कुंजाम, उपसरपंच विष्णु कुंजाम सहित कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं, जिनके अनुभव और सेवा से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। सरपंच संदीप कुंजाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्राम विकास में इन कर्मचारियों की भूमिका सदैव स्मरणीय रहेगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामवासियों ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सम्मान किया। समारोह का समापन राष्ट्रहित एवं ग्राम विकास के संकल्प के साथ किया गया।

# स्कूटी को लेकर हुआ विवाद, पिता पुत्र ने ग्रामीण की कर दी धुनाई

**कांकेर।** स्कूटी को बिना बताए ले जाने की बात को लेकर पिता व पुत्र ने मिलकर वाहन के मालिक को जान से मारने की धमकी दे दिया। मामला बेवरती का है, जहां पिता व पुत्र ने मिलकर गांव के ही व्यक्ति के साथ मारपीट किया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिता व पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे ग्राम बेवरती निवासी 42 वर्षीय अंजोर कुमार साहू पिता नकुल राम साहू ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। 25 जनवरी को गांव के सालिक साहू पिता स्व. अनंत साहू को मैं अपने खेत में काम करने ले गया था, वहां से कुछ ही देर में मेरा स्कूटी बर्गमेन को बिना मुझे बताए ले गया था। शाम तक वापस नहीं आया, तब खेत से काम कर घर तरफ आया।

वहां पर भी सालिक साहू मेरे स्कूटी को नही लाया था, तब उसे ढूढ़ने गया, तब मुझे शाम करीबन 7 बजे बालाजीपारा चौक में सालिक साहू मिला और वह नशे के हालत में था। उसके साथ उसका लड़का गुलशन साहू भी था, जिसे पूछा कि मेरा गाड़ी को क्यों बिना पूछे ले गया और अभी तक नहीं लाया है। ऐसा बोलने पर सालिक साहू एवं उसके लड़का कहने लगा कि तू कौन होता है मुझे बोलने वाला कहते हुए गाली देने लगे। आज तुझे जान से मार देंगे कहते हुए हाथ थप्पड़ एवं हाथ में पहने कड़ा से मारपीट किए, जिससे मेरे सिर एवं हाथ पैर में दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सालिक साहू और गुलशन साहू के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# सेवानिवृत्त बीएसएफ जवान को बाइक ने मारी टक्कर, विधायक ने पहुँचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर।

सड़क पर तेज रफ्तार और लापरवाही एक बार फिर गंभीर हादसे की वजह बन गई। कांकेर से निजी मीटिंग अटेंड कर घर लौट रहे सेवानिवृत्त बीएसएफ के जवान को एक अन्य बाइक सवार ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पूर्व बीएसएफ जवान गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे सरोना थाना क्षेत्र के ग्राम पेंड्रावान निवासी 49 वर्षीय रघुतिलक नेताम पिता महादेव सिंह नेताम ने पुलिस को बताया कि उनके पिता महादेव नेताम बीएसएफ से सेवानिवृत्त हैं। वर्तमान में वे ग्राम दलदली, थाना सरोना में निवासरत हैं और प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि 25 जनवरी को उनके पिता कंपनी से संबंधित एक निजी मीटिंग में शामिल होने कांकेर गए थे। मीटिंग समाप्त होने के बाद शाम करीब 5 बजे वे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बी 8011 से वापस घर दलदली लौट रहे थे। इसी दौरान जब वे दसपुर मोड़ के पास पहुंचे, तभी दुधावा रोड की ओर से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीटी 5669 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को सामने से टक्कर मार दी। आरोपी चालक बाइक को उतावलेपन से लहराते हुए चला रहा था, जिससे नियंत्रण खो बैठा और सीधी टक्कर हो गई। हादसे में महादेव नेताम के दाहिने पैर और दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस जांच में आरोपी बाइक चालक की पहचान भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रानवाही निवासी अभिषेक गावड़े के रूप में हुई है।



### विधायक ने घायल को पहुँचाया अस्पताल

विधायक आशाराम नेताम अपने काफिले के साथ बेवरती गांव से कांकेर की ओर जा रहे थे। सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े बुजुर्ग को देख विधायक ने काफिला रूकवाया और बुजुर्ग को अस्पताल भिजवाया। अस्पताल पहुंचने के बाद विधायक आशाराम नेताम ने बुजुर्ग के स्वास्थ्य की जानकारी ली और डॉक्टरों से उपचार की पूरी स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि घायल बुजुर्ग का समुचित और बेहतर इलाज किया जाए और साथ ही उन्होंने बुजुर्ग के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

### करपावण्ड थाना परिसर में राष्ट्रध्वज का हुआ अपमान

**जगदलपुर।** करपावण्ड थाना परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को उल्टा फहराकर सलामी दे दी गई। थाना परिसर में तिरंगे का अपमान किया गया। जानकारी के मुताबिक करपावण्ड थाना परिसर में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने के लिए पूरे परिसर में तोरण व झालर लगाकर कर आकर्षक सजावट की गई थी। लेकिन ध्वजारोहण के दौरान तिरगें को उल्टा ही फहरा दिया गया। काफी देर तक इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया लेकिन जब ध्यान गया तब तक काफी देर हो चुकी थी। फोटो वायरल होते ही करपावण्ड पुलिस का ध्यान भी इस ओर गया और आननफानन में पुनः ध्वज को उतारकर सीधा किया गया। एएसपी बस्तर माहेश्वर नाग ने कहा कि राष्ट्रध्वज तिरंगे को उल्टा फहराने का मामला प्रकाश में आया है।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

